# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2017

# सामान्य अध्ययन

## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल

## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

**1. With reference to the Parliament of India, consider the following statements:**
**भारत की संसद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. A private member's bill is a bill presented by a Member of Parliament who is not elected but only nominated by the President of India./गैर–सरकारी विधेयक ऐसा विधेयक है जो संसद के ऐसे सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है जो निर्वाचित नहीं है किन्तु भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट है।
2. Recently, a private member's bill has been passed in the Parliament of India for the first time in its history./हाल ही में, भारत की संसद के इतिहास में पहली बार एक गैर–सरकारी विधेयक पारित किया गया है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (d)** संसद में पेश किए जाने वाले विधेयक दो प्रकार के होते हैं–सरकारी विधेयक और गैर-सरकारी विधेयक। सरकारी विधेयक मंत्रिमंडल के सदस्यों द्वारा पेश किए जाते हैं, जबकि गैर सरकारी विधेयक अन्य सदस्यों द्वारा लाए जाते हैं, जो मंत्री परिषद के सदस्य नहीं होते हैं। लोगों के प्रतिनिधियों को लोक महत्व के विभिन्न मामलों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने और सरकार को कार्यक्रम एवं नीतियों के निर्माण के लिए राजी करने की दृष्टि से संसद के नियमों एवं प्रक्रियाओं में गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा भी विधान की शुरुआत करने का प्रावधान किया गया है। भारतीय संसद के इतिहास में पिछले सात दशकों में केवल 14 गैर-सरकारी विधेयक पारित हो सके हैं, जिसमें मुस्लिम वक्फ विधेयक 1952, पहला गैर सरकारी विधेयक है जो वर्ष 1954 में पारित किया गया जबकि 14वां विधेयक उच्चतम न्यायालय आपराधिक अपीलीय क्षेत्राधिकार विस्तार विधेयक, 1968 है जो कि वर्ष 1970 में पारित किया। इस प्रकार प्रश्नगत दोनों कथन असत्य है।

**2. With reference to the difference between the culture of Rigvedic Aryans and Indus Valley people, which of the following statements is/are correct?**
**ऋग्वेद–कालीन आर्यों और सिन्धु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

1. Rigvedic Aryans used the coat of mail and helmet in warfare whereas the people of Indus Valley Civilization did not leave any evidence of using them./ऋग्वेद–कालीन आर्य कवच और शिरस्त्राण (हेलमेट) का उपयोग करते थे जबकि सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों में इनके उपयोग का कोई साक्ष्य नहीं मिलता।
2. Rigvedic Aryans knew gold, silver and copper whereas Indus Valley people knew only copper and iron./ ऋग्वेद–कालीन आर्यों को स्वर्ण, चाँदी और ताम्र का ज्ञान था जबकि सिन्धु घाटी के लोगों को केवल ताम्र और लौह का ज्ञान था।
3. Rigvedic Aryans had domesticated the horse whereas there is no evidence of Indus Valley people having been aware of this animal.
ऋग्वैदिक–कालीन आर्यों ने घोड़े को पालतू बना लिया था जबकि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि सिन्धु घाटी के लोग इस पशु को जानते थे।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (c)** सिन्धु घाटी के लोगों को तांबे व कांसे का ज्ञान था जबकि भारत में लोहे के साक्ष्य लगभग 1000 ई.पू. से 600 ई.पू. के मध्य प्राप्त हुए हैं और सिन्धु घाटी के लोगों को घोड़े का ज्ञान था क्योंकि सुरकोटदा से घोड़े के अस्थियों के अवशेष के अतिरिक्त अन्य सैन्धव स्थलों से घोड़े की मृण्मूर्तियां प्राप्त होती है। जिससे स्पष्ट होता है कि सिन्धु सभ्यता के लोग इस जानवर से परिचित रहे होगें अतः कथन 3 गलत है। **परन्तु इस प्रश्न का उत्तर संघ लोक सेवा आयोग ने (c) माना था।**

**3. 'Recognition of Prior Learning Scheme' is sometimes mentioned in the news with reference to**
**'पूर्व अधिगम की मान्यता स्कीम (रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग स्कीम)' का कभी–कभी समाचारों में किस सन्दर्भ में उल्लेख किया जाता है?**

(a) Certifying the skills acquired by construction workers through traditional channels.
निर्माण कार्य में लगे कर्मकारों के पारंपरिक मार्गों से अर्जित कौशल का प्रमाणन
(b) Enrolling the persons in Universities for distance learning programmes.
दूरस्थ अधिगम कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालयों में व्यक्तियों को पंजीकृत करना।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(c) Reserving some skilled jobs to rural and urban poor in some public sector undertakings.
सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ उपक्रमों में ग्रामीण और नगरीय निर्धन लोगों के लिए कुछ कुशल कार्य आरक्षित करना

(d) Certifying 'the skills acquired by trainees under the National Skill Development Programme./राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अर्जित कौशल का प्रमाणन

**Ans : (a)** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 'पूर्व अधिगम की मान्यता स्कीम' का उद्देश्य निर्माण कार्यों में लगे कर्मकारों के पारंपरिक मार्गों से अर्जित कौशल का प्रमाणन से है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (a) सत्य है।

**4. From the ecological point of view, which one of the following assumes importance in being a good link between the Eastern Ghats and the Western Ghats?**
**पारिस्थितिक दृष्टिकोण से, पूर्वी घाटों और पश्चिमी घाटों के बीच एक अच्छा संपर्क होने के रूप में निम्नलिखित में से किसका महत्व अधिक है?**

(a) Sathyamangalam Tiger Reserve/सत्यामंगलम बाघ आरक्षित क्षेत्र (सत्यमंगलम टाइगर रिजर्व)
(b) Nallamala Forest/नल्लामला वन
(c) Nagarhole National Park/नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
(d) Seshachalam Biosphere Reserve/शेषाचलम जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (शेषाचलम बायोस्फीयर रिजर्व)

**Ans : (a)** पारिस्थितिक दृष्टिकोण से, पूर्वी घाटों और पश्चिमी घाटों के बीच एक अच्छा सम्पर्क होने के रूप में सत्यामंगलम बाघ आरक्षित का महत्व अधिक है क्योंकि यह पूर्वी एवं पश्चिमी घाट के मिलन स्थल पर स्थित है। यह तमिलनाडु का सबसे बड़ा वन्य जीव अभयारण्य है। शेषाचलम जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र और नल्लामला वन आन्ध्र प्रदेश में स्थित है। नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, कर्नाटक में स्थित है।

**5. One of the implications of equality in society is the absence of**
**समाज में समानता के होने का एक निहितार्थ यह है कि उसमें–**

(a) Privileges/विशेषाधिकारों का अभाव है
(b) Restraints/अवरोधों का अभाव है
(c) Competition/ प्रतिस्पर्धा का अभाव है
(d) Ideology/विचारधारा का अभाव है

**Ans : (a)** सामाजिक समानता किसी समाज की वह अवस्था है जिसके अन्तर्गत उस समाज के सभी व्यक्तियों को सामाजिक आधार (रंग, नस्ल, जाति, लिंग) पर समान महत्व प्राप्त हो। इसका मूल निहितार्थ है कि समाज में विशेषाधिकारों का अभाव है अर्थात् सभी को समान अधिकार प्राप्त है। समानता की यह अवधारणा मानकीय राजनीतिक सिद्धान्त के मर्म में निहित है। यह एक ऐसा विचार है जिसके आधार पर करोड़ों-करोड़ों लोग सदियों से निरंकुश शासकों, अन्यायपूर्ण समाज व्यवस्थाओं और अलोकतांत्रिक हुकुमतों या नीतियों के खिलाफ संघर्ष करते रहे हैं और करते रहेंगे। इस लिहाज से समानता को स्थाई और सार्वभौम अवधारणाओं की श्रेणी में रखा जा सकता है।

**6. Consider the following statements in respect of Trade Related Analysis of Fauna and Flora in Commerce (TRAFFIC):**
**'वाणिज्य में प्राणिजात और वनस्पति-जात के व्यापार-संबंधी विश्लेषण' (ट्रेड रिलेटेड ऐनालिसिस ऑफ फौना एंड फ्लोरा इन कॉमर्स/TRAFFIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. TRAFFIC is a bureau under United Nations Environment Programme (UNEP).
TRAFFIC, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के अंतर्गत एक ब्यूरो है।
2. The mission of TRAFFIC is to ensure that trade in wild plants and animals is not a threat to the conservation of nature./TRAFFIC का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि वन्य पादपों और जंतुओं के व्यापार से प्रकृति के संरक्षण को खतरा न हो।

**Which of the above statements is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (b)** कथन 2 सत्य है जबकि कथन 1 असत्य है क्योंकि वाणिज्य में प्राणिजात और वनस्पतिजात के व्यापार संबंधी विश्लेषण (TRAFFIC- ट्रेड रिलेटेड एनालिसिस ऑफ फौना एंड फ्लोरा इन कॉमर्स) एक गैर सरकारी संगठन (NGO) है, जिसकी स्थापना वर्ष 1976 में की गई थी। यह WWF एवं IUCN का एक रणनीतिक गठबंधन है।

**7. Which principle among the following was added to the Directive Principles of State Policy by the 42nd Amendment to the Constitution?**
**संविधान के 42वें संशोधन द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धान्त राज्य की नीति के निदेशक तत्वों में जोड़ा गया था?**

(a) Equal pay for equal work for both men and women/पुरुष और स्त्री दोनों के लिए समान कार्य का समान वेतन
(b) Participation of workers in the management of industries/उद्योगों के प्रबन्धन में कामगारों की सहभागिता
(c) Right to work, education and public assistance/काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता पाने का अधिकार
(d) Securing living wage and human conditions of work to workers/श्रमिकों के लिए निर्वाह-योग्य वेतन एवम् काम की मानवीय दशाएँ सुरक्षित करना

**Ans : (b)** 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में तीन नए नीति निदेशक तत्व जोड़े गए–समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता, उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों का भाग लेना और पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्द्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा। वर्ष 1976 में पारित इस महत्वपूर्ण संविधान संशोधन को लघु संविधान कहा जाता है। स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर संविधान में एक नया 'भाग IV क' सृजित कर उसमें नागरिकों के मूल कर्तव्यों को समाहित किया गया।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**8. Which one of the following statements is correct?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही है?**
(a) Rights are claims of the State against the citizens./अधिकार नागरिकों के विरुद्ध राज्य के दावे हैं।
(b) Rights are privileges which are incorporated in the Constitution of a State./अधिकार वे विशेषाधिकार है, जो किसी राज्य के संविधान में समाविष्ट हैं।
(c) Rights are claims of the citizens against the State./अधिकार राज्य के विरुद्ध नागरिकों के दावे हैं।
(d) Rights are privileges of a few citizens against the many./अधिकार अधिकांश लोगों के विरुद्ध कुछ नागरिकों के विशेषाधिकार हैं।

**Ans : (c)** अधिकार किसी वस्तु को प्राप्त करने या किसी कार्य को संपादित करने के लिए उपलब्ध कराया गया किसी व्यक्ति की कानून सम्मत या संविदासम्मत सुविधा, दावा या विशेषाधिकार है। अधिकार राज्य के विरुद्ध नागरिकों के दावे होते हैं। प्रत्येक देश के लिखित अथवा अलिखित संविधान में नागरिकों के अधिकारों को मान्यता दी गई है। भारत का संविधान हर नागरिक को कुछ मूल अधिकार देता है जो उसे सरकार के मनमाने और अन्यायपूर्ण कार्यों के खिलाफ संरक्षण देते हैं और उसके लिए गरिमापूर्ण जीवन की परिस्थितियां बनाते हैं।

**9. Which of the following gives 'Global Gender Gap Index' ranking to the countries of the world?**
**निम्नलिखित में से कौन विश्व के देशों के लिए 'सार्वभौम लैंगिक अंतराल सूचकांक' (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स) का श्रेणीकरण प्रदान करता है?**
(a) World Economic Forum/विश्व आर्थिक मंच
(b) UN Human Rights Council
UN मानव अधिकार परिषद्
(c) UN Women/UN वूमन
(d) World Health Organization/विश्व स्वास्थ्य संगठन

**Ans : (a)** वर्ष 2006 से विश्व आर्थिक मंच द्वारा विश्व के देशों के लिए सार्वभौमिक लैंगिक अन्तराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स) जारी किया जाता है। यह मुख्यतः लैंगिक समानता को मापने का सूचकांक है। जिसके द्वारा लैंगिक असमानता को समाप्त करना है जिसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को प्राथमिकता दी गयी है।

**10. Which of the following statements is/are correct regarding Smart India Hackathon 2017?**
**स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2017 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?**
1. It is a centrally sponsored scheme for developing every city of our country into Smart Cities in a decade./यह हमारे देश के प्रत्येक शहर को एक दशक में स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित एक स्कीम है।
2. It is an initiative to identity new digital technology innovations for solving the many problems taced by our country.
यह हमारे देश की अनेक समस्याओं का समाधान करने के लिए नई डिजिटल प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तनों के अभिज्ञान की एक पहल है।
3. It is a programme aimed at making all the financial transactions in our country completely digital in a decade./यह एक कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य एक दशक में हमारे देश में सभी वित्तीय लेन–देनों को पूरी तरह से डिजिटल करना है।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(b) 2 only/केवल 2
(c) 3 only/केवल 3
(d) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3

**Ans : (b)** केवल कथन 2 सत्य है, शेष असत्य है। 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2017' 36 घंटे की एक नॉन-स्टॉप डिजिटल उत्पाद विकास प्रतियोगिता होगी, जिसके दौरान प्रौद्योगिकी के हजारों विद्यार्थी केन्द्र सरकार के रेलवे मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, इसरो, पर्यटन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग सहित कुल 29 मंत्रालय विभागों द्वारा पोस्ट की गई विभिन्न समस्याओं के संबंध में अभिनव डिजिटल समाधान का निर्माण करेंगे। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 एक राष्ट्रव्यापी पहल हैं, जो भारत के कई राज्यों में आयोजित की गई थी।
उदाहरणः महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली NCR, गुजरात, जयपुर (ग्रैंड फिनालें) यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता हैं। 9 मई 2025 को ग्रेटर नोएडा लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज में हैक इंडिया 2025 नामक एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था, जो वेब-3 तथा AI पर केंद्रित था।

**11. Which of the following statements is/are correct regarding the Monetary Policy Committee (MPC)?**
**मौद्रिक नीति समिति (मोनेटरी पॉलिसी कमिटी/MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**
1. It decides the RBI's benchmark interest rates.
यह RBI की मानक (बेंचमार्क) ब्याज दरों का निर्धारण करती है।
2. It is a 12–member body including the Governor of RBI and is reconstituted every year./यह एक 12 – सदस्यीय निकाय है, जिसमें RBI का गवर्नर शामिल है तथा प्रत्येक वर्ष इसका पुनर्गठन किया जाता है।
3. It functions under the chairmanship of the Union Finance Minister./यह केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है।

**Select the correct answer using the code given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**
(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 3 only/ केवल 3
(d) 2 and 3 only/केवल 2 और 3

**Ans : (a)** केवल कथन 1 सत्य है शेष असत्य है क्योंकि मौद्रिक नीति समिति 6 सदस्यीय निकाय होता है जिसकी अध्यक्षता आर. बी. आई. (R.B.I) के गवर्नर द्वारा की जाती है। इसके सदस्यों का कार्यकाल चार वर्ष का होता है अर्थात प्रत्येक चार वर्ष पर इसका पुनर्गठन किया जाता है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (a) सत्य है।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**12. With reference to Manipuri Sankirtana, consider the following statements:**
**मणिपुरी संकीर्तन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. It is a song and dance performance.
यह गीत और नृत्य का प्रदर्शन है।
2. Cymbals are the only musical instruments used in the performance./केवल करताल (सिम्बल) ही वह एकमात्र वाद्ययंत्र है, जो इस प्रदर्शन में प्रयुक्त होता है।
3. It is performed to narrate the life and deeds of Lord of Lord Krishna./यह भगवान कृष्ण के जीवन और लीलाओं को वर्णित करने के लिए प्रदर्शित किया जाता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1 only/केवल 1

**Ans : (b)** कथन 1 व 3 सत्य है जबकि कथन 2 असत्य है क्योंकि मणिपुरी संकीर्तन में दो मृदंग वादक लगभग दस गायक तथा नर्तक कृष्ण की जीवन लीलाओं का मंचन करते हैं, जबकि केवल करताल (सिंबल) नामक वाद्ययंत्र का प्रयोग नूपा नृत्य में किया जाता है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (b) सत्य है।

**13. Who among the following was/were associated with the introduction of Ryotwari Settlement in India during the British rule?**
**निम्नलिखित में से कौन, ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में रैयतवाड़ी बंदोबस्त के प्रारंभ किए जाने से संबद्ध था/थे?**

1. Lord Cornwallis/लॉर्ड कॉर्नवॉलिस
2. Alexander Read/अलेक्ज़ैंडर रीड
3. Thomas Munro/थॉमस मुनरो

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (c)** रैयतवाड़ी व्यवस्था के जन्मदाता थामस मुनरो तथा कैप्टन रीड को माना जाता है। इसे सर्वप्रथम वर्ष 1792 में तमिलनाडु के बारामहल जिले में लागू किया गया था। इस व्यवस्था के अर्न्तगत कुल ब्रिटिश भारत के भू–क्षेत्र का 51 प्रतिशत हिस्सा (मद्रास, पूर्वी बंगाल, असम, बंबई का कुछ भाग कुर्ग) शामिल था। इस व्यवस्था के अर्न्तगत रैयतों को भूमि का मालिकाना और कब्जादारी अधिकार प्रदान किया गया था।

**14. In the context of solving pollution problems, what is/are the advantage/advantages of bioremediation technique?**
**प्रदूषण की समस्याओं का समाधान करने के संदर्भ में, जैवोपचारण (बायोरेमीडिएशन) तकनीक के कौन-सा/से लाभ है/हैं?**

1. It is a technique for cleaning up pollution by enhancing the same biodegradation process that occurs in nature./यह प्रकृति में घटित होने वाली जैवनिम्नीकरण प्रक्रिया का ही संवर्धन कर प्रदूषण को स्वच्छ करने की तकनीक है।
2. Any contaminant with heavy metals such as cadmium and lead can be readily and completely treated by bioremediation using microorganisms./कैडमियम और लेड जैसी भारी धातुओं से युक्त किसी भी संदूषक को सूक्ष्मजीवों के प्रयोग से जैवोपचारण द्वारा सहज ही और पूरी तरह उपचारित किया जा सकता है।
3. Genetic engineering can be used to create microorganisms specifically designed for bioremediation./जैवोपचारण के लिए विशेषतः अभिकल्पित सूक्ष्मजीवों को सृजित करने के लिए आनुवंशिक इंजीनियरी (जेनेटिक इंजीनियरिंग) का उपयोग किया जा सकता है।

**Select the correct answer using the code given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (c)** जैवोपचारण की परिभाषा के अनुसार यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सूक्ष्म जीवों जैसे जीवाणुओं या उनके एन्जाइमों का उपयोग करके किसी संदूषित हो चुके पर्यावरण को उसकी मूल स्थिति में लाने का प्रयास किया जाता है यह तकनीक कुछ प्रकार के प्रदूषणों से निपटने के लिए तो अच्छी रणनीति है किंतु उन स्थानों पर कारगर नहीं होती जहाँ मुख्य प्रदूषक ऐसे रसायन हों जो लगभग सभी प्रकार के सूक्ष्म जीवों के लिए विषैले हों, जैसे कैडमियम, सीसा, सोडियम क्लोराइड आदि का प्रदूषण। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 1 और 3 सत्य है जबकि कथन 2 असत्य है।

**15. The Trade Disputes Act of 1929 provided for**
**1929 का व्यापार विवाद अधिनियम (ट्रेड डिस्प्यूट्स एक्ट) निम्नलिखित में से किसका उपबंध करता है?**

(a) the participation of workers in the management of industries.
उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी
(b) arbitrary powers to the management to quell industrial disputes./औद्योगिक झगड़ों के दमन के लिए प्रबंधन के पास मनमानी करने की शक्ति
(c) an intervention by the British Court in the event of a trade dispute./व्यापार विवाद की स्थिति में ब्रिटिश न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप
(d) a system of tribunals and a ban on strikes. अधिकरणों (ट्रिब्यूनल्स) की प्रणाली तथा हड़तालों पर रोक

**Ans : (d)** वर्ष 1929 के व्यापार विवाद अधिनियम (ट्रेड डिस्प्यूट्स एक्ट) में अधिकरणों की कार्यप्रणाली की कार्य प्रणाली के अतिरिक्त बिना पूर्व सूचना के हड़ताल व तालाबंदी (रेलवे, डाक, टेलीग्राफ तथा टेलीफोन) पर रोक के सन्दर्भ में प्रावधान किए गए थे। विवादों के निवारण के लिए इसमें समझौता बोर्ड व जांच न्यायालय के गठन का प्रावधान भी किया गया था।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**16. Local self–government can be best explained as an exercise in**
**स्थानीय स्वशासन की सर्वोत्तम व्याख्या यह की जा सकती है कि यह एक प्रयोग है–**

(a) Federalism/संघवाद का
(b) Democratic decentralization
लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का
(c) Administrative delegation
प्रशासकीय प्रत्यायोजन का
(d) Direct democracy/प्रत्यक्ष लोकतंत्र का

**Ans : (b)** स्थानीय स्वशासन का तात्पर्य लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण से है। केन्द्रीकृत प्रणाली में अन्तर्निहित खामियों के निवारण हेतु स्वतंत्रता के पश्चात भारत सरकार ने स्वायत्त ग्राम इकाईयों के आधार पर विकेन्द्रीकृत शासन तंत्र स्थापित करने का प्रयास किया। गांधी जी ने भी केन्द्रीकृत ब्रिटिश संसद प्रणाली को एक 'बिना आत्मा वाली मशीन' कहा था। वर्ष 1958 में राष्ट्रीय विकास परिषद ने बलवंत मेहता समिति की सिफारिशों को मानकर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्था के गठन को स्वीकृति प्रदान की। लक्ष्मीमल सिंधवी समिति की अनुशंसा पर वर्ष 1992 में पारित संविधान के 73वें तथा 74वें संशोधन द्वारा स्थानीय संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई।

**17. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**With reference to the Constitution of India, the Directive Principles of State Policy constitute limitations upon**
**भारत के संविधान के सन्दर्भ में, राज्य की नीति के निदेशक तत्व**

1. legislative function.
विधायिका के कृत्यों पर निर्बन्धन करते हैं।
2. executive function.
कार्यपालिका के कृत्यों पर निर्बन्धन करते हैं।

**Which of the above statements is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (d)** संविधान के भाग (IV) में अनुच्छेद 36 से 51 में वर्णित नीति निदेशक तत्व शासन व्यवस्था के मूल आधार हैं। ये तत्व हमारे संविधान की प्रतिज्ञाओं और आकांक्षाओं को वाणी प्रदान करते है। निदेशक सिद्धान्त कार्यपालिका और व्यवस्थापिका को दिए गए ऐसे निर्देश हैं जिन्हें लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है। यह सिद्धान्त किसी न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है अर्थात् यदि राज्य इन्हें लागू नहीं करता है तो कोई व्यक्ति इसके लिए न्यायालय नहीं जा सकता है। निदेशक तत्वों को अप्रवर्तनीय बनाने का उद्देश्य यही है कि इन्हें लागू करने के लिए राज्य के पास संसाधन हो भी सकते हैं और नहीं भी। इस प्रकार प्रश्नगत दोनों कथन असत्य है।

**18. The term 'Digital Single Market Strategy' seen in the news refers to**
**समाचारों में आने वाला 'डिजिटल एकल बाजार कार्यनीति' (डिजिटल सिंगल मार्केट स्ट्रेटेजी) पद किसे निर्दिष्ट करता है?**

(a) ASEAN को
(b) BRICS को
(c) EU को
(d) G 20 को

**Ans : (c)** समूह के देशों के मध्य व्यापार अवरोधों तथा व्यापार का सम्मान बनाने हेतु यूरोपीय संघ द्वारा 'डिजिटल एकल बाजार कार्यनीति की घोषणा की गई थी। इस प्रकार विकल्प (c) सत्य है।

**19. At one of the places in India, if you stand on the seashore and watch the sea, you will find that the sea water recedes from the shore line a few kilometres and comes back to the shore, twice a day, and you can actually walk on the sea floor when the water recedes. This unique phenomenon is seen at**
**भारत में एक ऐसा स्थान है, जहाँ यदि आप समुद्र किनारे खड़े होकर समुद्र का अवलोकन करें, तो आप पाएंगे कि दिन में दो बार समुद्री जल तटीय रेखा से कुछ किलोमीटर पीछे की ओर चला जाता है और फिर तट पर वापस आता है और जब जल पीछे हटा होता है, तब आप वास्तव में समुद्र तल पर चल सकते हैं। यह अनूठी घटना कहाँ देखी जाती है?**

(a) Bhavnagar/भावनगर में
(b) Bheemunipatnam/भीमुनिपटनम में
(c) Chandipur/चांदीपुर में
(d) Nagapattinam/नागपट्टिनम में

**Ans : (c)** उपर्युक्त परिघटना ओडिशा के चांदीपुर समुद्र तट पर ज्वार-भाटा के कारण घटित होती है।

**20. With reference to the 'Prohibition of Benami Property Transactions Act, 1988 (PBPT Act)', consider the following statements:**
**'बेनामी संपत्ति लेन–देन का निषेध अधिनियम, 1988' (PBPT अधिनियम)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. A property transaction is not treated as a benami transaction if the owner of the property is not aware of the transaction./किसी संपत्ति का लेन–देन बेनामी लेन–देन नहीं समझा जाएगा, यदि संपत्ति का मालिक उस लेन–देन के बारे में अवगत नहीं है।
2. Properties held benami are liable for confiscation by the Government./बेनामी पाई गई संपत्तियाँ सरकार द्वारा जब्त किए जाने के लिए उत्तरदायी होंगी।
3. The Act provides for three authorities for investigations but does not provide for any appellate mechanism./यह अधिनियम जाँच के लिए तीन प्राधिकारियों का उपबंध करता है, किन्तु यह किसी अपीलीय क्रियाविधि का उपबंध नहीं करता।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 2 and 3 only/केवल 2 और 3

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans : (b)** केवल कथन 2 सत्य है। शेष असत्य है, क्योंकि वर्ष 2016 में संशोधित 'बेनामी सम्पत्ति लेन-देन का निषेध अधिनियम, 1988' में बेनामी पायी गयी सम्पतियां सरकार द्वारा जब्त किए जाने का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (b) सत्य है।

**21. Due to some reasons, if there is a huge fall in the population of species of butterflies, what could be its likely consequence/consequences?**
**कुछ कारणों वश, यदि तितलियों की जाति (स्पीशीज) की संख्या में बड़ी गिरावट होती है, तो इसका/इसके संभावित परिणाम क्या हो सकता/सकते है/ हैं?**

1. Pollination of some plants could be Adversely affected./कुछ पौधों के परागण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
2. There could be a drastic increase in the fungal infections of some cultivated plants./कुछ कृष्य पौधों में कवकीय संक्रमण प्रचंड रूप से बढ़ सकता है।
3. It could lead to a fall in the population of some species of wasps, spiders and birds.
इसके कारण बर्रों, मकड़ियों और पक्षियों की कुछ प्रजातियों की समष्टि में गिरावट हो सकती है।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (c)** कुछ कारणों वश यदि तितलियों की जाति की संख्या में बड़ी गिरावट होती है तो इससे कुछ पौधों के परागण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, तथा इसके कारण बर्रों, मकड़ियों और पक्षियों की कुछ प्रजातियों की समष्टि में गिरावट हो सकती है। इसके अतिरिक्त खाद्य श्रृंखला पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 1 व 3 सत्य है जबकि कथन 2 असत्य है।

**22. It is possible to produce algae based biofuels, but what is/are the likely limitation(s) of developing countries in promoting this industry?**
**शैवाल आधारित जैव-ईंधनों का उत्पादन संभव है लेकिन इस उद्योग के संवर्धन में विकासशील देशों की क्या संभावित सीमा/ सीमाएँ है/हैं?**

1. Production of algae based biofuels is possible in seas only and not on continents.
शैवाल आधारित जैव-ईधनों का उत्पादन केवल समुद्रों में ही संभव है, महाद्वीपों पर नहीं।
2. Setting up and engineering the algae based biofuel production requires high level of expertise/technology until the construction is completed./शैवाल आधारित जैव-ईंधन उत्पादन को स्थापित करने और इंजीनियरी करने हेतु निर्माण पूरा होने तक उच्च स्तरीय विशेषज्ञता/प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है।
3. Economically viable production necessitates the setting up of large scale facilities which may raise ecological and social concerns.
आर्थिक रूप से व्यवहार्य उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर सविधाओं की स्थापना की आवश्यकता होती है जिससे पारिस्थितिक एवं सामाजिक सरोकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 3 only/केवल 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (b)** प्रश्नगत 2 व 3 सत्य है जबकि कथन 1 असत्य है। क्योंकि शैवाल आधारित जैव ईंधनों का उत्पादन समुद्र के अलावा भूमि पर भी की जा सकती है। एक अनुमान के अनुसार एक एकड़ में मक्का और गन्ने को लगाकर जितना जैव ईंधन तैयार किया जा सकता है , इतने ही इलाके में शैवाल को लगाने से 12 गुना अधिक शैवाल आधारित जैव ईंधन तैयार किया जा सकता है। किन्तु ऐसा कर पाना न तो आसान होगा और न ही सस्ता।

**23. Which of the following are the objectives of 'National Nutrition Mission'?**
**निम्नलिखित में से कौन–से 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' (नेशनल न्यूट्रिशन मिशन) के उद्देश्य हैं?**

1. To create awareness relating to malnutrition among pregnant women and lactating mothers./गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण से संबंधी जागरूकता उत्पन्न करना।
2. To reduce the incidence of anaemia among young children, adolescent girls and women.
छोटे बच्चों, किशोरियों तथा महिलाओं में रक्ताल्पता की घटना को कम करना।
3. To promote the consumption of millets, coarse, cereals and unpolished rice./बाजरा, मोटा अनाज तथा अपरिष्कृत चावल के उपभोग को बढ़ाना।
4. To promote the consumption of poultry eggs.
मुर्गी के अंडों के उपभोग को बढ़ाना।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 1, 2 and 3 only/केवल 1, 2 और 3
(c) 1, 2 and 4 only/केवल 1, 2 और 4
(d) 3 and 4 only/केवल 3 और 4

**Ans : (a)** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय पोषण मिशन का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण से सम्बंधित जागरूकता उत्पन्न करना तथा छोटे बच्चों, किशोरियों तथा महिलाओं में रक्ताल्पता (एनीमिया) की घटना को कम करना है। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 1 व 2 सत्य है जबकि कथन 3 व 4 असत्य है।

**24. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. The Factories Act, 1881 was passed with a view to fix the wages of industrial workers and to allow the workers to form trade unions.
फैक्टरी ऐक्ट, 1881 औद्योगिक कामगारों की मजदूरी नियत करने के लिए और कामगारों को मजदूर संघ बनाने देने की दृष्टि से पारित किया गया था।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

2. N.M. Lokhande was a pioneer in organizing the labour movement in British India.
एन.एम. लोखंडे ब्रिटिश भारत में मजदूर आन्दोलन संगठित करने में अग्रगामी थे।

**Which of the above statements is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (b)** कथन 2 सत्य है जबकि कथन 1 असत्य है क्योंकि रिपन के काल में वर्ष 1881 में पारित प्रथम फैक्टरी अधिनियम में मजदूरों की सेवा शर्तों को नियमित किया गया था। और इन शर्तों के निरीक्षण हेतु निरीक्षक की नियुक्ति की गई थी। इसमें मजदूर संघ आदि के प्रावधान शामिल नहीं थे। 1890 में एन.एम. लोखंडे द्वारा बम्बई मिल हैण्ड्स एसोसिएशन की स्थापना की गई जिसे आंशिक रूप से भारत का पहला मजदूर संघ आन्दोलन माना जाता है।

**25. In the context of mitigating the impending global warming due to anthropogenic emissions of carbon dioxide, which of the following can be the potential sites for carbon sequestration?**
**कार्बन डाइऑक्साइड के मानवोद्भवी उत्सर्जनों के कारण आसन्न भूमंडलीय तापन के न्यूनीकरण के संदर्भ में कार्बन प्रच्छादन हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा/से संभावित स्थान हो सकता/सकते है/हैं?**

1. Abandoned and uneconomic coal seams
परित्यक्त एवं गैर-लाभकारी कोयला संस्तर
2. Depleted oil and gas reservoirs
निःशेष तेल एवं गैस भंडार
3. Subterranean deep saline formations
भूमिगत गंभीर लवणीय शैल समूह

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/केवल 1, 2 और 3

**Ans : (d)** कार्बन डाइऑक्साइड के मानवोद्भवी उत्सर्जनों के कारण आसन्न भू-मंडलीय तापन के न्यूनीकरण के संदर्भ में कार्बन प्रच्छादन हेतु परित्यक्त एवं गैर लाभकारी कोयला संस्तर, निःशेष तेल एवं गैस भंडार तथा भूमिगत गंभीर लवणीय शैल समूह आदि संभावित स्थान हो सकते है।
कार्बन प्रच्छादन/संग्रहण का तात्पर्य कार्बन के पौधों, भूगार्भिक संरचनाओं एवं समुद्र में दीर्घकालीन संग्रहण से होता है।

**26. The object of the Butler Committee of 1927 was to**
**1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य था**

(a) Define the jurisdiction of the Central and Provincial Governments./केन्द्रीय एवं प्रांतीय [redacted]
(b) Define the powers of the Secretary of State for India./भारत के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की शक्तियाँ निश्चित करना।
(c) Impose censorship on national press.
राष्ट्रवादी प्रेस पर सेंसर–व्यवस्था अधिरोपित करना।
(d) Improve the relationship between the Government of India and the Indian States.
भारत सरकार एवं देशी रियासतों के बीच सम्बन्ध सुधारना।

**Ans : (d)** भारतीय राज्य समिति द्वारा सर हरकोर्ट बटलर की अध्यक्षता में गठित वर्ष 1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य भारत सरकार तथा देशी रियासतों के बीच सम्बंध सुधारना था। इस समिति का गठन लार्ड इरविन द्वारा किया गया था।

**27. The term 'Domestic Content Requirement' is sometimes seen in the news with reference to**
**कभी-कभी समाचारों में दिखाई पड़ने वाले 'घरेलू अंश आवश्यकता' (डोमेस्टिक कंटेंट रिक्वायरमेंट) पद का संबंध किससे है?**

(a) Developing solar power production in our country/हमारे देश में सौर शक्ति उत्पादन का विकास करने से
(b) Granting licences to foreign T.V. channels in our country/हमारे देश में विदेशी टी.वी. चैनलों को अनुज्ञप्ति प्रदान करने से
(c) Exporting our food products to other countries/हमारे देश के खाद्य उत्पादों को अन्य देशों को निर्यात करने से
(d) Permitting foreign educational institutions to set up their campuses in our country/विदेशी शिक्षा संस्थाओं को हमारे देश में अपने परिसर स्थापित करने की अनुमति देने से

**Ans : (a)** कभी-कभी समाचारों में दिखाई पड़ने वाले 'घरेलू अंश आवश्यकता (DCR)' पद का संबंध हमारे देश में सौर शक्ति उत्पादन का विकास करने से है। भारत में सौर ऊर्जा क्षेत्र के उन्नयन हेतु वर्ष 2010 में जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय सौर मिशन (JNNSM) प्रारंभ किया गया।

**28. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. The Nuclear Security Summits are periodically held under the aegis of the United Nations./परमाणु सुरक्षा शिखर–सम्मेलन, संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आवधिक रूप से किए जाते हैं।
2. The International Panel on Fissile Materials is an organ of International Atomic Energy Agency./विखंडनीय सामग्रियों पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण का एक अंग है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
[redacted]

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans : (d)** प्रश्नगत दोनों विकल्प असत्य है क्योंकि परमाणु सुरक्षा शिखर सम्मेलन का संयुक्त राष्ट्र संघ से सम्बन्ध नहीं है अपितु पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की पहल पर इसका प्रथम सम्मेलन वर्ष 2010 में और चौथा सम्मेलन वर्ष 2016 में वाशिंगटन डीसी में आयोजित किया गया था। विखंडनीय सामग्रियों पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल परमाणु शस्त्र व गैर परमाणु शस्त्र राज्यों के परमाणु विशेषज्ञों का एक स्वतंत्र समूह है। अतः प्रश्नगत विकल्प (d) सत्य है।

**29. Who among the following can join the National Pension System (NPS)?**
**निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में सम्मिलित हो सकता है?**

(a) Resident Indian citizens only
केवल निवासी भारतीय नागरिक

(b) Persons of age from 21 to 55 only
केवल 21 से 55 तक की आयु के व्यक्ति

(c) All State Government employees joining the services after the date of notification by the respective State Governments/राज्य सरकारों के सभी कर्मचारी, जो संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचना किए जाने की तारीख के पश्चात सेवा में आए हैं

(d) All Central Government employees including those of Armed Forces joining the services on or after 1st April, 2004/सशस्त्र बलों समेत केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी, जो 1 अप्रैल, 2004 को या उसके बाद सेवाओं में आए हैं

**Ans : (c)** भारत सरकार द्वारा 1 जनवरी, 2014 को प्रारंभ की गई राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में राज्य सरकारों के सभी कर्मचारी, जो सम्बंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित किए जाने की तारीख के पश्चात् सेवा में आए है तथा सशस्त्र बलों को छोड़कर केन्द्र सरकार के वे कर्मचारी 1 जनवरी 2004 अथवा उसके बाद सेवा में कार्यरत है, शामिल हो सकते है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (c) सत्य है।

**30. With reference to river Teesta, consider the following statements:**
**तीस्ता नदी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. The source of river Teesta is the same as that of Brahmaputra but it flows through Sikkim.
तीस्ता नदी का उद्‌गम वही है, जो ब्रह्मपुत्र का है लेकिन यह सिक्किम से होकर बहती है।
2. River Rangeet originates in Sikkim and it is a tributary of river Teesta./रंगीत नदी की उत्पत्ति सिक्किम में होती है और यह तीस्ता नदी की एक सहायक नदी है।
3. River Teesta flows into Bay of Bengal on the border of India and Bangladesh./तीस्ता नदी, भारत एवं बांग्लादेश की सीमा पर बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं–**

(a) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(b) 2 only/केवल 2
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (b)** केवल कथन 2 सत्य है, तीस्ता नदी का उद्‌गम सिक्किम के चोलामु झील से है जबकि ब्रह्मपुत्र का हिमनद तिब्बत के आंग्सी हिमनद में है। सिक्किम और उत्तरी बंगाल की जीवन रेखा कही जाने वाली तीस्ता नदी का मुहाना ब्रह्मपुत्र में है। रंगीत नदी का उद्‌गम सिक्किम के रथोंग हिमनद से होता है और यह तीस्ता नदी की एक सहायक नदी है। अतः कथन (2) सही है।

**31. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. In tropical regions, Zika virus disease is transmitted by the same mosquito that transmits dengue./उष्णकटिबंधीय प्रदेशों में जीका वाइरस रोग उसी मच्छर द्वारा संचरित होता है, जिससे डेंगू संचरित होता है।
2. Sexual transmission of Zika virus disease is possible./जीका वाइरस रोग का लैंगिक संचरण होना संभव है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/ न तो 1, न ही 2

**Ans : (c)** प्रश्नगत दोनों कथन सत्य हैं क्योंकि जीका वायरस रोग और डेंगू दोनों रोगों का वाहक एडीज प्रजाति के मच्छर हैं। इसी प्रजाति के मच्छरों द्वारा चिकनगुनिया, पीत ज्वर जैसे रोगों के विषाणुओं का संचरण भी किया जाता है। जीका वायरस रोग का लैंगिक संचरण होना संभव है।

**32. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. The Standard Mark of Bureau of Indian Standards (BIS) is mandatory for automotive tyres and tubes.
मोटर वाहनों के टायरों और ट्यूबों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) का मानक चिह्न अनिवार्य है।
2. AGMARK is a quality Certification Mark issued by the Food and Agriculture Organisation (FAO).
AGMARK, खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा जारी एक गुणता प्रमाणन चिह्न है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (a)** प्रश्नगत् कथन 1 सत्य है जबकि कथन 2 असत्य है क्योंकि कृषि पदार्थों के मानकीकरण हेतु AGMARK (एगमार्क) भारत सरकार के विपणन एवं निरीक्षक निदेशालय द्वारा (वर्ष 1935 में स्थापित) जारी किया जाता है। जनवरी, 1947 में स्थापित भारतीय मानक संस्था (ISI) को नवीनीकृत कर 1 अप्रैल, 1987 को भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) कर दिया गया।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**33. What is/are the advantage/advantages of implementing the 'National Agriculture Market' scheme?**
**'राष्ट्रीय कृषि बाजार' (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) स्कीम को क्रियान्वित करने का/के क्या लाभ है/हैं?**

1. It is a pan–India electronic trading portal for agricultural commodities./यह कृषि वस्तुओं के लिए सर्व–भारतीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार पोर्टल है।
2. It provides the farmers access to nationwide market, with prices commensurate with quality of their produce./यह कृषकों के लिए राष्ट्रव्यापी बाजार सुलभ कराता है, जिसमें उनके उत्पाद की गुणता के अनुरूप कीमत मिलती है।

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (c)** प्रश्नगत दोनों कथन सत्य हैं। 14 अप्रैल 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई 'राष्ट्रीय कृषि बाजार' कृषि वस्तुओं के लिए सर्व भारतीय इलेक्ट्रानिक व्यापार पोर्टल है जो कृषकों के लिए राष्ट्रव्यापी बाजार उपलब्ध कराता है जिससे उनके उत्पाद की गुणवत्ता के अनुरूप कीमत मिलती है।

**34. With reference to the 'National Intellectual Property Rights Policy', consider the following statements:**
**'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति' (नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पॉलिसी) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. It reiterates India's commitment to the Doha Development Agenda and the TRIPS Agreement./यह दोहा विकास एजेंडा और TRIPS समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता है।
2. Department of Industrial Policy and Promotion is the nodal agency for regulating intellectual property rights in India./औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग भारत में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के विनियमन के लिए, केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) है।

**Which of the above statements is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (a)** अजन्ता की गुफा संख्या 1 में बोधिसत्व पद्मपाणि का चित्र अति मनोरम है। संसार के प्राणियों के लिए असीम करुणा और उन्हें निर्वाण प्राप्ति की पूरी आशा के भाव उनके चेहरे पर सफलतापूर्वक दिखाए गए हैं। विभिन्न कालखण्डों में निर्मित अजन्ता की गुफाओं में वर्तमान में केवल गुफा संख्या 1, 2, 9, 10, 16 और 17 की गुफाओं के चित्र ही संरक्षित अवस्था में हैं।

**70. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| Traditions | Communities |
|---|---|
| 1. Chaliha Sahib Festival | – Sindhis |
| 2. Nanda Raj Jaat Yatra | – Gonds |
| 3. Wari–Warkari | – Santhals |

| परंपराएँ | | समुदाय |
|---|---|---|
| 1. चलिहा साहिब उत्सव | – | सिंधियों का |
| 2. नंदा राज जात यात्रा | – | गोंडों का |
| 3. वारी–वारकरी | – | संथालों का |

**Which of the pairs given above is/are correctly matched?**
**ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन–सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (a)** केवल प्रश्नगत्त विकल्प (1) सुमेलित है क्योंकि चलिहा साहिब उत्सव का सम्बंध सिंधी समाज से है जिसे प्रतिवर्ष जुलाई-अगस्त माह में मनाया जाता है। शेष विकल्प असत्य है क्योंकि नंदा राज जात यात्रा एक सांस्कृतिक यात्रा है जिसका प्रारंभ सर्वप्रथम राजा कल्याण चंद्र के शासनकाल में 16वीं सदी में कुमायूं में हुआ था जबकि वारी-वारकरी का आयोजन आषाढ़ माह की शुक्ल एकादशी को सम्पन्न होता है जिसे वैष्णव जनों का कुंभ कहा जाता है।

**71. Which of the following practices can help in water conservation in agriculture?**
**निम्नलिखित पद्धतियों में से कौन-सी कृषि में जल संरक्षण में सहायता कर सकती है/हैं?**

1. Reduced or zero tillage of the land/भूमि की कम या शून्य जुताई
2. Applying gypsum before irrigating the field/खेत में सिंचाई के पूर्व जिप्सम का प्रयोग
3. Allowing crop residue to remain in the field/फसल अवशेष को खेत में ही रहने देना

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**Ans : (c)** पानी के दबाव को कम करने और जल संसाधनों में सुधार के लिये तरीके

- संरक्षण कृषि में कम जुताई, या अधिमानतः शून्य जुताई के साथ असतत् अंतराल पर अपारगम्य और पारगम्य रूपरेखा घेरा का उपयोग करना।

अतः कथन 1 सही है।

- जिप्सम के बिना या उसके साथ चूने के समावेशन से एल्यूमीनियम और मैंगनीज की विषाक्त सांद्रता गैर-विषाक्त स्तर तक कम हो जाएगी। अतः कथन 2 गलत है।
- फसल अवशेष को खेत में रहने देने से खेत की उत्पादकता बढ़ती है, जब यह वर्षा के जल के साथ मिट्टी में पहुंचता है। अतः कथन 3 सही है।

**72. Consider the following statements:**
**The nation–wide 'Soil Health Card Scheme' aims at**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिए:**
**राष्ट्रव्यापी 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम (सॉइल हेल्थ कार्ड स्कीम)' का उद्देश्य है**

1. expanding the cultivable area under irrigation./सिंचित कृषियोग्य क्षेत्र का विस्तार करना।
2. enabling the banks to assess the quantum of loans to be granted to farmers on the basis of soil quality.
   मृदा गुणवत्ता के आधार पर किसानों को दिए जाने वाले ऋण की मात्रा के आकलन में बैंकों को समर्थ बनाना।
3. checking the overuse of fertilizers in farmlands.
   कृषि भूमि में उर्वरकों के अति–उपयोग को रोकना।

**Which of the above statements is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (b)** मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भारत सरकार द्वारा 17 फरवरी, 2015 में प्रारंभ की गई। इस योजना के तहत भारत सरकार द्वारा किसानों को एक मृदा स्वास्थ कार्ड जारी किया जाएगा जिसमें मिट्टी के गुणों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी, जैसे मिट्टी के प्रकार के बारे में, पोषक तत्व सामग्री, आवश्यक खाद आदि। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खाद के उपयोग से मिट्टी के आधार और संतुलन को बढ़ावा देना है जिससे किसानों को कम कीमत में अधिक पैदावार मिल सके। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 3 सत्य है जबकि शेष असत्य है।

**73. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| **Commonly used/ consumed materials सामान्यतः प्रयुक्त/ उपभुक्त पदार्थ** | | **Unwanted or controversial chemicals likely to be found in them उनमें पाए जाने वाले संभावित अवांछनीय अथवा विवादास्पद रसायन** |
|---|---|---|
| 1. Lipstick | – | Lead |
| लिपस्टिक | – | सीसा |
| 2. Soft drinks | – | Brominated vegetable oils |
| शीतल पेय | – | ब्रोमीनित वनस्पति तेल |
| 3. Chinese fast food | – | Monosodium glutamate |
| चाइनीज़ फास्ट फूड | – | मोनोसोडियम ग्लूटामेट |

**Which of the pairs given above is/are correctly matched?**
**ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन–सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (d)** प्रश्नगत तीनों विकल्प सही सुमेलित हैं क्योंकि लिपिस्टिक में लेड अर्थात सीसा का प्रयोग होता है जो मनुष्य के बौद्धिक स्तर को प्रभावित करता है, शीतल पेय में ब्रोमीन से उपचारित वनस्पति तेल का प्रयोग किया जाता है जबकि चाइनीज फास्ट फूड में स्वाद बढ़ाने वाले कारक के रूप में मोनोसोडियम ग्लूटामेट प्रयुक्त किया जाता है।

**74. Organic Light Emitting Diodes (OLEDs) are used to create digital display in many devices. What are the advantages of OLED displays over Liquid Crystal displays?**
**कार्बनिक प्रकाश उत्सर्जी डायोड (ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड/OLED) का उपयोग बहुत से साधनों में अंकीय प्रदर्श (डिजिटल डिस्प्ले) सर्जित करने के लिए किया जाता है। द्रव क्रिस्टल प्रदर्शों की तुलना में OLED प्रदर्श किस प्रकार लाभकारी हैं?**

1. OLED displays can be fabricated on flexible plastic substrates./OLED प्रदर्श नम्य प्लास्टिक अवस्तरों पर संविरचित किए जा सकते हैं।
2. Roll–up displays embedded in clothing can be made using OLEDs./OLED के प्रयोग से, वस्त्र में अंतःस्थापित उपरिवेल्लनीय प्रदर्श (रोल्ड–अप डिस्प्ले) बनाए जा सकते हैं।
3. Transparent displays are possible using OLEDs/OLED के प्रयोग से, पारदर्शी प्रदर्श संभव हैं।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(d) None of the above statements is orrect
उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**Ans : (c)** ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड (OLED) के सन्दर्भ में प्रश्नगत तीनों कथन सत्य है क्योंकि ओ एल ई डी लचीले प्लास्टिक अवस्तरों पर संविरचित किए जा सकते हैं तथा इससे रोल्ड अप डिस्प्ले और पारदर्शी डिस्प्ले का निर्माण किया जा सकता है।

**75. Which of the following is/are famous for Sun temples?**
**निम्नलिखित में से कौन–सा/से सूर्य मंदिरों के लिए विख्यात है/हैं?**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

1. Arasavalli/अरसवल्ली
2. Amarakantak/अमरकंटक
3. Omkareshwar/ओंकारेश्वर

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (a)** आन्ध्र प्रदेश के अरसवल्ली में कलिंग नरेश देवेन्द्र वर्मा द्वारा 7वीं सदी में निर्मित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर अवस्थित है, जबकि मध्य प्रदेश के खण्डवा जिले में नर्मदा नदी पर स्थित ओंकारेश्वर मंदिर भगवान शिव के प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंगों में शामिल है तथा मध्य प्रदेश के ही अनूपपुर जिले में स्थित अमरकंटक नर्मदा और सोन नदियों का उद्गम है। यहाँ शिव का प्रसिद्ध श्री ज्वालेश्वर महादेव मंदिर अवस्थित है।

**76. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. In the election for Lok Sabha or State Assembly, the winning candidate must get at least 50 percent of the votes polled, to be declared elected./लोक सभा अथवा राज्य की विधान सभा के निर्वाचन में, जीतने वाले उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किए जाने के लिए, किए गए मतदान का कम–से–कम 50 प्रतिशत पाना अनिवार्य है।
2. According to the provisions laid down in the Constitution of India, In Lok Sabha, the Speaker's post goes to the majority party and the Deputy Speaker's to the Opposition. /भारत के संविधान में अधिकथित उपबंधों के अनुसार, लोक सभा में अध्यक्ष का पद बहुमत वाले दल को जाता है तथा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को जाता है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans :** (d) लोक सभा अथवा राज्य की विधान सभा के निर्वाचन में सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाला व्यक्ति विजयी घोषित किया जाता है, 50% मत प्राप्त करने की कोई बाध्यता नहीं होती है। संविधान के अनुच्छेद 93 के प्रावधानों के अधीन लोक सभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। प्रायः अध्यक्ष का पद सत्ताधारी दल के पक्ष में रहता है जबकि उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को प्रदान किया जाता है। यह केवल एक परम्परा मात्र है, इसके लिए संविधान में प्रावधान का उल्लेख नहीं है। अतः प्रश्नगत दोनों कथन असत्य हैं।

**77. Which of the following has/have occurred in India after its liberalization of economic policies in 1991?**
**निम्नलिखित में से कौन–सा/से भारत में 1991 में आर्थिक नीतियों के उदारीकरण के बाद घटित हुआ/हुए है/हैं?**

1. Share of agriculture in GDP increased enormously./GDP में कृषि का अंश बृहत् रूप से बढ़ गया।
2. Share of India's exports in world trade increased./विश्व व्यापार में भारत के निर्यात का अंश बढ़ गया।
3. FDI inflows increased./FDI का अंतर्वाह (इनफ्लो) बढ़ गया।
4. India's Foreign exchange reserves increased enormously./भारत का विदेशी विनिमय भण्डार बृहत् रूप से बढ़ गया।

**Select the correct answer using the codes given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः**

(a) 1 and 4 only/केवल 1 और 4
(b) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 और 4
(c) 2, and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4

**Ans : (b)** प्रश्नगत कथन 2, 3 व 4 सत्य है जबकि कथन 1 असत्य है क्योंकि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का अंश घटा है न कि बढ़ा है। वर्ष 2000 में जहाँ GDP में कृषि का अंश 23% था वहीं वर्ष 2015 में GDP में कृषि का अंश घटकर 17% रह गया है। वर्तमान में (2016-17) में जीवीए में विभिन्न क्षेत्रकों में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रक का अंश स्थिर मूल्यों पर 17.77% तथा प्रचलित मूल्यों पर 19.41% है। विदेशी व्यापार में वर्ष 2016-17 तथा 2017-18 में निर्यात का अंश क्रमशः 276280.3 (+5.33%) तथा 302840 (9.78%) है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) इक्विटी का अन्तर्प्रवाह इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| 2017-18 (अप्रैल-दिसम्बर) | – 35.941 अरब डॉलर |
| 2016-17 | – 43.478 अरब डॉलर |
| 2015-16 | – 46.403 अरब डॉलर |
| 2014-15 | – 39.328 अरब डॉलर |
| 2013-14 | – 28.75 अरब डॉलर |

उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल, 2018 के आँकड़ों के अनुसार कुल विदेशी करेंसी परिसम्पत्तियाँ 400.978 अरब डॉलर है।

**78. What is the application of Somatic Cell Nuclear Transfer Technology?**
**कायिक कोशिका न्यूक्लीय अंतरण प्रौद्योगिकी (सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रान्सफर टेक्नोलॉजी का अनुप्रयोग क्या है?**

(a) Production of biolarvicides
जैव–डिम्भनाशी का उत्पादन
(b) Manufacture of biodegradable plastics
जैव–निम्नीकरणीय प्लास्टिक का निर्माण
(c) Reproductive cloning of animals
जंतुओं की जननीय क्लोनिंग
(d) Production of organisms free of diseases
रोग मुक्त जीवों का उत्पादन

**Ans : (c)** कायिक कोशिका न्यूक्लीय अंतरण प्रौद्योगिकी (सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर टेक्नोलॉजी) का प्रयोग जन्तुओं की जननीय क्लोनिंग में किया जाता है। इसके द्वारा आनुवांशिक तौर पर अभिन्न पशुओं का निर्माण किया जाता है। अतः प्रश्नगत विकल्प (c) सत्य है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**79. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. National Payments Corporation of India (NPCI) helps in promoting the financial inclusion in the country./भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया/ NPCI) देश में वित्तीय समावेशन के संवर्धन में सहायता करता है।
2. NPCI has launched RuPay, a card payment scheme./NPCI ने एक कार्ड भुगतान स्कीम RuPay प्रारंभ की है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans : (c)** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की स्थापना वर्ष 2008 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई थी। यह निगम देश में वित्तीय समावेशन के संवर्धन में सहायता करता है। इसे भारत में विभिन्न भुगतान प्रणालियों के लिए मातृ संस्था के रूप में सृजित किया गया है।
इस निगम के द्वारा वर्ष 2008 में रुपे कार्ड जारी किया गया जो कि स्वदेशी भुगतान प्रणाली पर आधारित ए टी एम कार्ड है। रुपे कार्ड दो शब्दों 'रुपया' और 'पेमेंट' से मिलकर बना है।

**80 The term 'M-STrIPES' is sometimes seen in the news in the context of**
**'M-STrIPES' शब्द कभी–कभी समाचारों में किस सन्दर्भ में देखा जाता है?**

(a) Captive breeding of Wild Fauna
वन्य प्राणिजात का बद्ध प्रजनन
(b) Maintenance of Tiger Reserves
बाघ अभयारण्यों का रख–रखाव
(c) Indigenous Satellite Navigation System
स्वदेशी उपग्रह दिक्चालन प्रणाली
(d) Security of National Highways
राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा

**Ans : (b)** M-STrIPES' (Monitoring System for Tigers-Intensive Protection and Ecological Status) शब्द कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है जिसका अभिप्रायः बाघ अभयारण्यों के रख-रखाव से है। यह भौगोलिक सूचनातंत्र (GIS) आधारित तंत्र का प्रयोग करता है।

**81. What is/are the most likely advantages of implementing 'Goods and Services Tax (GST)'?**
**'वस्तु एवं सेवा कर (गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स/GST)' के क्रियान्वित किए जाने का/के सर्वाधिक संभावित लाभ क्या है/हैं?**

1. It will replace multiple taxes collected by multiple authorities and will thus create a single market in India./यह भारत में बहु–प्राधिकरणों द्वारा वसूल किए जा रहे बहुल करों का स्थान लेगा और इस प्रकार एकल बाजार स्थापित करेगा।
2. It will drastically reduce the 'Current Account Deficit' of India and will enable it to increase its foreign exchange reserves./यह भारत के 'चालू खाता घाटे' को प्रबलता से कम कर उसके विदेशी मुद्रा भण्डार को बढ़ाने हेतु उसे सक्षम बनाएगा।
3. It will enormously increase the growth and size of economy of India and will enable it to overtake China in the near future./यह भारत की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि और आकार को बृहद् रूप से बढ़ाएगा और उसे निकट भविष्य में चीन से आगे निकल जाने योग्य बनाएगा।

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (a)** वस्तु एवं सेवाकर अर्थात जीएसटी भारत में बहु-प्राधिकरणों द्वारा वसूल किए जा रहे बहुले करों का स्थान लेगा तथा इस प्रकार एकल बाजार स्थापित करेगा। यह एक अप्रत्यक्ष कर है जिसकी विभिन्न श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 1 सत्य है जबकि शेष असत्य है।

**82. 'Broad-Based Trade and Investment Agreement (BTIA)' is sometimes seen in the news in the context of negotiations held between India and**
**'व्यापक–आधारयुक्त व्यापार और निवेश करार (ब्रॉड–बेस्ड ट्रेड ऐंड इन्वेस्टमेंट ऐग्रीमेंट/BTIA)' कभी–कभी समाचारों में भारत और निम्नलिखित में से किस एक के बीच बातचीत के सन्दर्भ में दिखाई पड़ता है?**

(a) European Union/यूरोपीय संघ
(b) Gulf Cooperation Council/खाड़ी सहयोग परिषद्
(c) Organization for Economic Cooperation and Development/आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
(d) Shanghai Cooperation Organization
शंघाई सहयोग संगठन

**Ans : (a)** 'व्यापक आधार युक्त व्यापार और निवेश करार' (ब्रॉड-बेस्ड ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट BTIA) भारत और यूरोपीय संघ के बीच वर्ष 2007 में लागू एक मुक्त व्यापार समझौता है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (a) सही है।

**83. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. India has ratified Trade Facilitation Agreement (TFA) of WTO.
भारत ने WTO के व्यापार सुकर बनाने के करार (TFA) का अनुसमर्थन किया है।
2. TFA is a part of WTO's Bali Ministerial Package of 2013./TFA, WTO के बाली मंत्रिस्तरीय पैकेज 2013 का एक भाग है।
3. TFA came into force in January 2016.
TFA, जनवरी 2016 में प्रवृत्त हुआ।

**Which of the statement given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (a)** प्रश्नगत कथन 1 और 2 सत्य है जबकि कथन 3 असत्य है क्योंकि विश्व व्यापार संगठन की मंत्रिस्तरीय बैठक में वर्ष 2013 में व्यापार सुविधा समझौते (TFA) पर बाली में हस्ताक्षर किए गए। 22 फरवरी, 2017 से प्रभावी इस समझौते का अनुसमर्थन भारत सरकार द्वारा 22 अप्रैल, 2016 को किया गया।

**84. What is the importance of developing Chabahar Port by India?**
**भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह विकसित करने का क्या महत्व है?**

(a) India's Trade with African countries will enormously increase./अफ्रीकी देशों से भारत के व्यापार में अपार वृद्धि होगी।
(b) India's relations with oil-producing Arab countries will be strengthened./तेल–उत्पादक अरब देशों से भारत के संबंध सुदृढ़ होंगे।
(c) India will not depend on Pakistan for access to Afghanistan and Central Asia./अफगानिस्तान और मध्य एशिया में पहुँच के लिए भारत को पाकिस्तान पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।
(d) Pakistan will facilitate and protect the installation of a gas pipeline between Iraq and India./पाकिस्तान, इराक और भारत के बीच गैस पाइपलाइन का संस्थापन सुकर बनाएगा और उसकी सुरक्षा करेगा।

**Ans : (c)** भारत द्वारा ईरान के चाबहार बंदरगाह को विकसित किए जाने के फलस्वरूप अफगानिस्तान और मध्य एशिया में पहुंच के लिए भारत को पाकिस्तान पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारत द्वारा ईरान के साथ यह द्विपक्षीय समझौता मई 2015 में सम्पन्न किया गया था। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (c) सत्य है।

**85. In India, it is legally mandatory for which of the following to report on cyber security incidents?**
**भारत में, साइबर सुरक्षा घटनाओं पर रिपोर्ट करना निम्नलिखित में से किसके/किनके लिए विधितः अधिदेशात्मक है/हैं?**

1. Service providers/सेवा प्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर)
2. Data centres/डेटा सेंटर
3. Body corporate/कॉर्पोरेट निकाय (बॉडी कॉर्पोरेट)

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 ओर 2
(c) 3 only/केवल 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (d)** भारत में साइबर सुरक्षा घटनाओं पर रिपोर्ट करना सेवा प्रदाता, डेटा सेन्टर और कॉर्पोरेट निकाय तीनों के लिए विधितः अधिदेशात्मक है। उल्लेखनीय है कि भारत में जारी सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2013 में इस हेतु व्यापक प्रावधान किए गए हैं।

**86. Right to vote and to be elected in India is a**
**भारत में मताधिकार और निर्वाचित होने का अधिकार**

(a) Fundamental Right/मूल अधिकार है
(b) Natural Right/नैसर्गिक अधिकार है
(c) Constitutional Right/संवैधानिक अधिकार है
(d) Legal Right/विधिक अधिकार है

**Ans : (c)** भारत में मताधिकार और निर्वाचित होने का एक सवैधानिक अधिकार है। अनुच्छेद 326 के अनुसार, लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं के लिए चुनाव वयस्क मताधिकार पर किया जाना तय किया गया है। मताधिकार चुनावी प्रक्रिया की रणनीति के साथ प्रत्येक नागरिक या देश को उनके उम्मीदवार जो संसद में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने जाने हैं, का विवरण सुनिश्चित रूप से प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है। अतः भारत में मताधिकार और निर्वाचित होने का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है।

**87. What is the purpose of 'evolved Laser Interferometer Space Antenna (eLISA)' project?**
**'विकसित लेजर व्यतिकरणमापी अंतरिक्ष ऐन्टेना (इवॉल्वड लेजर इन्टरफेरोमीटर स्पेस ऐन्टेना/ eLISA)' परियोजना का क्या प्रयोजन है?**

(a) To detect neutrinos/न्यूट्रिनों का संसूचन करना
(b) To detect gravitational waves
गुरूत्वीय तरंगों का संसूचन करना
(c) To detect the effectiveness of missile defence system/प्रक्षेपणास्त्र रक्षा प्रणाली की प्रभावकारिता का संसूचन करना
(d) To study the effect of solar flares on our communication systems/हमारी संचार प्रणालियों पर सौर प्रज्वाल (सोलर फ्लेयर) के प्रभाव का अध्ययन करना

**Ans : (b)** विकसित लेजर व्यतिकरणमापी अंतरिक्ष ऐन्टेना (eLISA) परियोजना का उद्देश्य गुरुत्वीय तरंगों का संसूचन करना है। इस परियोजना के तहत तीन पृथक लेकिन एक दूसरे से सम्बद्ध अंतरिक्ष यान शामिल है जो त्रिकोणीय विन्यास में सूर्य की परिक्रमा कर गुरुत्वीय तरंगों के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे।

**88. What is the purpose of 'Vidyanjali Yojana'?**
**'विद्यांजलि योजना' का क्या प्रयोजन है?**

1. To enable the famous foreign educational institutions to open their campuses in India./प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थाओं को भारत में अपने कैम्पस खोलने में सहायता करना।
2. To increase the quality of education provided in government schools by taking help from the private sector and the community./निजी क्षेत्र और समुदाय की सहायता लेकर सरकारी विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना।
3. To encourage voluntary monetary contributions from private individuals and organizations so as to improve the infrastructure facilities for primary and secondary schools./प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की आधारिक संरचना सुविधाओं के संवर्धन के लिए निजी व्यक्तियों और संगठनों से ऐच्छिक वित्तीय योगदान को प्रोत्साहित करना।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**
(a) 2 only/केवल 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(d) 2 and 3 only/केवल 2 और 3

**Ans : (a)** विद्यांजलि योजना का मुख्य प्रयोजन निजी क्षेत्र और समुदाय की सहायता लेकर सरकारी विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। भारत के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना में व्यक्तिगत स्तर पर कोई भी व्यक्ति शैक्षिक गतिविधियों में सुधार हेतु अपना योगदान दे सकता है। इस प्रकार केवल प्रश्नगत कथन 2 सत्य है, शेष असत्य है।

**89. What is the aim of the programme 'Unnat Bharat Abhiyan'?**
**'उन्नत भारत अभियान' कार्यक्रम का ध्येय क्या है?**
(a) Achieving 100% literacy by promoting collaboration between voluntary organizations and government's education system and local communities./स्वैच्छिक संगठनों और सरकारी शिक्षा तंत्र तथा स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग का प्रोन्नयन कर 100% साक्षरता प्राप्त करना।
(b) Connecting institutions of higher education with local communities to address development challenges through appropriate technologies./उच्च शिक्षा संस्थाओं को स्थानीय समुदायों से जोड़ना जिससे समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकास की चुनौतियों का सामना किया जा सके।
(c) Strengthening India's scientific research institutions in order to make India a scientific and technological power./भारत को वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक शक्ति बनाने के लिए भारत की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं को सशक्त करना।
(d) Developing human capital by allocating special funds for health care and education of rural and urban poor, and organizing skill development programmes and vocational training for them.
ग्रामीण और नगरीय निर्धन व्यक्तियों के स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए विशेष निधियों का विनिधान कर मानव पूँजी विकसित करना और उनके लिए कौशल विकास कार्यक्रम तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करना।

**Ans : (b)** ग्रामीण विकास से संबंधित उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थाओं को स्थानीय समुदायों से जोड़ना है जिससे समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकास की चुनौतियों का सामना किया जा सके। यह अभियान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

**90. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. The Election Commission of India is a five–member body./भारत का निर्वाचन आयोग पाँच–सदस्यीय निकाय है।
2. Union Ministry of Home Affairs decides the election schedule for the conduct of both general elections and bye–elections. संघ का गृह मंत्रालय, आम चुनाव और उप–चुनावों दोनों के लिए चुनाव कार्यक्रम तय करता है।
3. Election Commission resolves the disputes relating to splits/mergers of recognised political parties./निर्वाचन आयोग मान्यता–प्राप्त राजनीतिक दलों के विभाजन/विलय से संबंधित विवाद निपटाता है।

**Which of the statement given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 only/केवल 2
(c) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(d) 3 only/ केवल 3

**Ans : (d)** भारत का निर्वाचन आयोग तीन सदस्यीय आयोग होता है (1993 में तीन सदस्यीय किया गया) जिसमें एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा दो निर्वाचन आयुक्त होते हैं। चुनावों के लिए कार्यक्रम चुनाव आयोग तय करता है न कि गृह मंत्रालय। इसके अतिरिक्त निर्वाचन आयोग मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के विभाजन/विलय से सम्बंधित विवादों का निपटारा भी करता है। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 1 व 2 असत्य है जबकि कथन 3 सत्य है।

**91. In India, if a species of tortoise is declared protected under Schedule I of the Wildlife (Protection) Act, 1972, what does it imply?**
**भारत में, यदि कछुए की एक जाति को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के अन्तर्गत संरक्षित घोषित किया गया हो, तो इसका निहितार्थ क्या है?**
(a) It enjoys the same level of protection as the tiger./इसे संरक्षण का वही स्तर प्राप्त है जैसा कि बाघ को।
(b) It no longer exists in the wild, a few individuals are under captive protection and now it is impossible to prevent its extinction./इसका अब वन्य क्षेत्रों में अस्तित्व समाप्त हो गया है, कुछ प्राणी बंदी संरक्षण के अन्तर्गत हैं; और अब इसके विलोपन को रोकना असंभव है।
(c) It is endemic to a particular region of India./यह भारत के एक विशेष क्षेत्र में स्थानिक है।
(d) Both (b) and (c) stated above are correct in this context./इस सन्दर्भ में उपर्युक्त (b) और (c) दोनों सही हैं।

**Ans :** (a) वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जंगली जानवरों, पक्षियों और पौधों को संरक्षण प्रदान करता है। यह अधिनियम अन्य सुधारों के अलावा संरक्षित पौधे और पशु प्रजातियों की अनुसूचियों की स्थापना तथा इन प्रजातियों की कटाई व शिकार को मोटे तौर पर गैर कानूनी घोषित करता है। इसमें कुल 6 श्रेणियां है जो अलग–अलग तरह से वन्य जीव को सुरक्षा प्रदान करती है। अनुसूची I वन्य जीव को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है। इनके तहत अपराधों के लिये उच्चतम दण्ड निर्धारित है। इस सूची में चीता, डुगोंग, भारतीय हाथी, भारतीय शेर, बाघ इत्यादि शामिल है।

**92. In India, Judicial Review implies:**
**भारत में, न्यायिक पुनरीक्षण का अर्थ है**
(a) the power of the Judiciary to pronounce upon the constitutionality of laws and executive orders.


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

विधियों और कार्यपालिक आदेशों की सांविधानिकता के विषय में प्राख्यापन करने का न्यायपालिका का अधिकार।

(b) the power of the Judiciary to question the wisdom of the laws enacted by the Legislatures./विधानमण्डलों द्वारा निर्मित विधियों के प्रज्ञान को प्रश्नगत करने का न्यायपालिका का अधिकार।

(c) the power of the Judiciary to review all the legislative enactments before they are assented to by the President./न्यायपालिका का, सभी विधायी अधिनियमनों के, राष्ट्रपति द्वारा उन पर सहमति प्रदान किए जाने के पूर्व, पुनरीक्षण का अधिकार।

(d) the power of the Judiciary to review its own judgments given earlier in similar or different cases./न्यायपालिका का, समान या भिन्न वादों में पूर्व में दिए गए स्वयं के निर्णयों के पुनरीक्षण का अधिकार।

**Ans :** (a) भारत में न्यायिक पुनरीक्षण का अर्थ है विधियों और कार्यपालिका आदेशों की सांविधानिकता के विषय में प्राख्यापन करने का न्यायपालिका का अधिकार/निर्मित विधियों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आधिकारित पाए जाने पर उन्हें अवैध असंवैधानिकता तथा उस स्तर तक शून्य घोषित कर दिया जाता है जिस स्तर तक वह संविधान का उल्लंघन करता है।

**93. With reference to Indian freedom struggle, consider the following events:**
**भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के संबंध में, निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए:**

1. Mutiny in Royal Indian Navy
   रॉयल इंडियन नेवी में ग़दर
2. Quit India Movement launched
   भारत छोड़ो आंदोलन का प्रारंभ
3. Second Round Table Conference
   द्वितीय गोल मेज़ सम्मेलन

**What is the correct chronological sequence of the above events?**
**उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम क्या है?**

(a) 1–2–3 (b) 2–1–3
(c) 3–2–1 (d) 3–1–2

**Ans :** (c) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन लंदन में 7 सितंबर, 1931 से 1 दिसंबर 1931 तक आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में गांधी जी सम्मिलित हुए थे। भारत छोड़ो आन्दोलन का प्रस्ताव कांग्रेस द्वारा बम्बई में 8 अगस्त 1942 को संस्तुत किया गया। यह आन्दोलन 9 अगस्त 1942 को प्रारंभ हुआ था। इसमें गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। रायल इंडियन नेवी विद्रोह 18 फरवरी 1946 को हुआ था। इसमें एस.एम. आई.एस तलवार के सैनिकों एवं अधिकारियों ने सेवा शर्तों को लेकर विद्रोह किया था।

**94. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. Tax revenue as a percent of GDP of India has steadily increased in the last decade./पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में कर–राजस्व में सतत वृद्धि हुई है।
2. Fiscal deficit as a percent of GDP of India has steadily increased in the last decade.
   पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे में सतत वृद्धि हुई है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans :** (d) प्रश्नगत दोनों कथन असत्य है क्योंकि पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे में उतार-चढ़ाव का दौर (6.5% से 3.2% के मध्य) जारी रहा और कर-राजस्व में भी अस्थिरता का दौर (11.9% से 9.6%) जारी रहा। इस प्रकार विकल्प (d) सत्य है।

**95. Recently there was a proposal to translocate some of the lions from their natural habitat in Gujarat to which one of the following sites?**
**हाल ही में, कुछ शेरों को गुजरात के उनके प्राकृतिक आवास से निम्नलिखित में से किस एक स्थल पर स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव था?**

(a) Corbett National Park/कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(b) Kuno Palpur Wildlife Sanctuary
    कुनो पालपुर वन्यजीव अभयारण्य
(c) Mudumalai Wildlife Sanctuary/मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य
(d) Sariska National Park/सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान

**Ans : (b)** हाल ही में, विलुप्त हो रहे एशियाई शेरों के संरक्षण हेतु गुजरात के उनके प्राकृतिक आवास से उन्हें कुनो पालपुर अभयारण्य (बरखेड़ा म.प्र.) में स्थानान्तरित करने का निर्णय विशेषज्ञ समिति द्वारा मार्च, 2018 में प्रदान किया गया क्योंकि वहाँ की परिस्थितियां एशियाई शेरों के लिए उपयुक्त है।

**96. Which of the following are not necessarily the consequences of the proclamation of the President's rule in a State?**
**किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा के निम्नलिखित में से कौन–से परिणामों का होना आवश्यक नहीं है?**

1. Dissolution of the State Legislative Assembly
   राज्य विधान सभा का विघटन
2. Removal of the Council of Ministers in the State/राज्य के मंत्रिपरिषद् का हटाया जाना
3. Dissolution of the local bodies
   स्थानीय निकायों का विघटन

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans : (b)** राष्ट्रपति शासन अनुच्छेद 356 के तहत दो आधारो पर घोषित किया जा सकता है एक तो अनुच्छेद 356 में ही वर्णित है तथा दूसरा अनुच्छेद 365 में।

1. अनुच्छेद 356⟹ राज्य सरकार संविधान के प्रावधान के अनुसार नहीं चल रही है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

2. अनुच्छेद 365 ⇒ यदि कोई राज्य केन्द्र द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने में तथा इसे प्रभावी में करने असफल होता है।

**राष्ट्रपति शासन के प्रभाव-**

1. अधिकतम 3 वर्ष तक
2. नागरिको के मूलअधिकार पर प्रभाव
3. राज्य की कार्यपालिका बर्खास्त हो जाती है।
4. **राज्य की मंत्रिपरिषद का हटाया जाना**

अतः उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि राज्य विधान सभा का विघटन तथा स्थानीय निकाय का विघटन राष्ट्रपति शासन का परिणाम नहीं है। अतः उत्तर (b) सही होगा।

**97. Which of the following are envisaged by the Right against Exploitation in the Constitution of India?**
**भारत के संविधान में शोषण के विरूद्ध अधिकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन–से परिकल्पित हैं?**

1. Prohibition of traffic in human beings and forced labour/मानव देह व्यापार और बंधुआ मजदूरी (बेगारी) का निषेध
2. Abolition of untouchability
अस्पृश्यता का उन्मूलन
3. Protection of the interests of minorities/ अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा
4. Prohibition of employment of children in factories and mines/कारखानों और खदानों में बच्चों के नियोजन का निषेध

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1, 2 and 4 only/केवल 1, 2 और 4
(b) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 और 4
(c) 1 and 4 only/केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4

**Ans : (c)** भारत के संविधान में शोषण के विरुद्ध अधिकारों में अनुच्छेद-23 के तहत मानव के व्यापार व बलात श्रम का प्रतिषेध जबकि अनु.-24 के तहत कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का निषेध किया गया है। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 1 व 4 सत्य है।

**98. Which of the following is geographically closest to Great Nicobar?**
**निम्नलिखित में से कौन–सा भौगोलिक रूप से ग्रेट निकोबार के सबसे निकट है?**

(a) Sumatra/सुमात्रा (b) Borneo/बोर्नियो
(c) Java/जावा (d) Sri Lanka/श्री लंका

**Ans : (a)** भौगोलिक रूप से ग्रेट निकोबार के सबसे निकट सुमात्रा है। 6 डिग्री चैनल ग्रेट निकोबार को सुमात्रा से अलग करता है। इन्डोनेशिया का यह द्वीप ग्रेट निकोबार से मात्र 145 किमी. की दूरी पर स्थित है। मलय द्वीप समूह के ठीक पश्चिम में स्थित सुमात्रा मलय द्वीप समूहों में सबसे बड़ा जबकि यह दुनिया का 6वां सबसे बड़ा द्वीप है।

**99. Out of the following statements, choose the one that bring out the principle underlying the Cabinet form of Government:**
**निम्नलिखित कथनों में से उस एक को चुनिए, जो मंत्रिमण्डल स्वरूप की सरकार के अन्तर्निहित सिद्धान्त को अभिव्यक्त करता है:**

(a) An arrangement for minimizing the criticism against the Government whose responsibilities are complex and hard to carry out to the satisfaction of all./ऐसी सरकार के विरूद्ध आलोचना को कम–से–कम करने की व्यवस्था, जिसके उत्तरदायित्व जटिल हैं तथा उन्हें सभी के संतोष के लिए निष्पादित करना कठिन है।
(b) A mechanism for speeding up the activities of the Government whose responsibilities are increasing day by day./ऐसी सरकार के कामकाज में तेजी लाने की क्रियाविधि, जिसके उत्तरदायित्व दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है।
(c) A mechanism of parliamentary democracy for ensuring collective responsibility of the Government to the people./सरकार के जनता के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के लिए संसदीय लोकतंत्र की एक क्रियाविधि।
(d) A device for strengthening the hands of the head of the Government whose hold over the people is in a state of decline./उस शासनाध्यक्ष के हाथों को मज़बूत करने का एक साधन जिसका जनता पर नियंत्रण ह्रासोन्मुख दशा में है।

**Ans : (c)** सरकार का जनता के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के लिए संसदीय लोकतंत्र की एक क्रियाविधि के रूप में मंत्रिमंडलीय स्वरूप को सरकार के अन्तर्निहित सिद्धान्त को अभिव्यक्त किया जाता है। संसदीय शासन प्रणाली को मंत्रिमण्डलीय अथवा उत्तरदायी शासन प्रणाली भी कहा जाता है।

**100. Which one of the following is not a feature of Indian federalism?**
**निम्नलिखित में से कौन–सी एक भारतीय संघराज्य पद्धति की विशेषता नहीं है?**

(a) There is an independent judiciary in India.
भारत में स्वतन्त्र न्यायपालिका है।
(b) Powers have been clearly divided between the Centre and the States./केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है।
(c) The federating units have been given unequal representation in the Rajya Sabha./संघबद्ध होने वाली इकाइयों को राज्य सभा में असमान प्रतिनिधित्व दिया गया है।
(d) It is the result of an agreement among the federating units./यह संघबद्ध होने वाली इकाइयों के बीच एक सहमति का परिणाम है।

**Ans : (d)** संविधान की सर्वोच्चता, स्वतंत्र न्यायपालिका, शक्तियों का विभाजन, राज्य सभा में असमान प्रतिनिधित्व, द्विसदनीय विधायिका, कठोर व लिखित संविधान आदि भारतीय संघ राज्य पद्धति की विशेषताओं में शामिल है। जबकि प्रश्नगत कथन (d) असत्य है। क्योंकि भारतीय संघ की स्थापना संघबद्ध होने वाली इकाइयों के बीच किसी सहमति द्वारा नहीं हुई है।


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com